नियंत्रक
स्वशासी परीक्षा
दूरभाष : 0788-2212030

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) 491001,
दूरभाष/फैक्स : 0788-2359688
वेबसाइट : www.govtsciencecollegedurg.ac.in

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा A+ ग्रेड प्रदत्त महाविद्यालय)

क्रमांक / Ref. No. 1634/Auto/22. दुर्ग / Durg / दिनांक / Date : 19/05/22

सूचना

महाविद्यालय की स्वशासी योजना के अंतर्गत अध्ययनरत स्नातकोत्तर कक्षाओं के समस्त नियमित विद्यार्थी छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ऑनलाइन/ब्लैडेण्ड मोड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा, मई–जून 2022 में सम्मिलित होंगे। यह परीक्षा दिनांक 25 मई 2022 से प्रस्तावित है।

परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थी **दिनांक 23 एवं 24 मई 2022 को समय प्रातः 11:00 से दोपहर 2:00 बजे तक** अपने संबंधित विभाग में निम्नानुसार उत्तरपुस्तिकाएँ प्राप्त कर सकेंगे। **उत्तरपुस्तिकाएँ प्राप्त करने के लिए परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र अनिवार्य रुप से साथ लेकर आएँगे। प्रवेश पत्र दिखाने पर ही परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिकाएँ प्रदाय की जायेंगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 19/05/2022 से महाविद्यालय की वेबसाइट www.govtsciencecollegedurg.ac.in पर डाउनलोड करने हेतु उपलब्ध रहेंगे।**

परीक्षार्थियों हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश :–

- प्रश्नपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtsciencecollegedurg.ac.in पर समय सारिणी के अनुसार तिथिवार प्रातः 08:00 बजे अपलोड किए जायेंगे।
- परीक्षार्थी उनके प्रवेश पत्र के प्रश्नपत्रों के आधार पर समस्त उत्तरपुस्तिकाएं एक साथ संबंधित विभाग से प्राप्त कर सकते हैं।
- महाविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड किए गये प्रश्नपत्र को परीक्षार्थी द्वारा उसी दिन (जिस दिन प्रश्नपत्र अपलोड होगा) हल करके दोपहर 02:00 से 05:00 बजे के मध्य **संबंधित विभाग** में उत्तरपुस्तिका स्वयं जमा करनी होगी।
- निर्धारित तिथि/समय उपरांत संबंधित परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं स्वीकार नहीं की जायेगी।
- परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtsciencecollegedurg.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने पर यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो स्वशासी प्रकोष्ठ में सम्पर्क कर सकते हैं।
- महाविद्यालय में उत्तरपुस्तिका प्राप्त करते समय परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र के अभाव में उत्तरपुस्तिका प्रदान नहीं की जायेगी।
- प्रत्येक दिन उत्तरपुस्तिका जमा करते समय परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र साथ ले जाना अनिवार्य होगा। उसी प्रवेश पत्र में उत्तरपुस्तिका जमा करने की पावती अनिवार्य रूप से प्रदान करेंगे।
- परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र से विषय/प्रश्नपत्र का मिलान कर संबंधित प्रश्न पत्र को ही हल करें। प्रश्नपत्र के चयन में परीक्षार्थी सावधानी रखेंगे।

क्रमशः पेज क्र. 02...

Scanned with CamScanner

नियंत्रक
स्वशासी परीक्षा
दूरभाष : 0788-2212030

प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) 491001,
दूरभाष/फैक्स : 0788-2359688
वेबसाइट : www.govtsciencecollegedurg.ac.in
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा A+ ग्रेड प्रदत्त महाविद्यालय)

क्रमांक / Ref. No. 1634/Auto/2022 दुर्ग / Durg / दिनांक / Date : 19/05/22

- प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका बनाना अनिवार्य होगा। उत्तरपुस्तिका स्वहस्तलिखित होनी चाहिए। एक उत्तरपुस्तिका में यदि एक से अधिक व्यक्तियों की लिखावट प्राप्त होती है, तो उसे नकल प्रकरण माना जायेगा। टाईप या फोटोकॉपी किए हुए उत्तरपुस्तिका स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
- महाविद्यालय से प्राप्त उत्तरपुस्तिका में ही उत्तर लिखकर जमा करना अनिवार्य होगा। मुख्य उत्तरपुस्तिका भर जाने पर परीक्षार्थी अपनी ओर से ए–4 साईज पेपर का उपयोग पूरक उत्तरपुस्तिका के रूप में कर सकेंगे।
- स्पीड पोस्ट/कोरियर/ई–मेल से प्रेषित उत्तरपुस्तिकाएं महाविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं की जायेगी।
- ऐसे समस्त परीक्षार्थी जिन्होंने सेमेस्टर परीक्षा मई–जून 2022 हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरा है, उन्हें ऑनलाईन ब्लैण्डेड मोड आधारित इस परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।
- ऑनलाईन/ब्लैण्डेड मोड से आयोजित इस परीक्षा में पुनर्गणना का प्रावधान नहीं है।

नियंत्रक
स्वशासी परीक्षा
CONTROLLER
AUTONOMOUS EXAMINATIONS
GOVT. V.Y.T.P.G. AUTO.COLLEGE
DURG (C.G.)

प्राचार्य
शास. वि. या. ता. स्नातकोत्तर स्वशासी
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomou
College, Durg (C.G.)

Scanned with CamScanner